PARJANYA B.Ed. COLLEGE

PAHARPUR, BALIAPUR, DHANBAD (JHARKHAND)

E-MAGAZINE

Session : 2023-25

Name : SAROJ KHAMROI

Roll No. : 30

Session : 2023-25

* मेरा प्रिय दोस्त *

मेरा प्रिय दोस्त का नाम रंजीत महतो है। वह सभी मायनों में खास है, दोस्तों का मतलब सिर्फ घुमना–फिरना नहीं हैं, सच्चा दोस्त वह होता है, जो आपके सभी तरह के सुख–दुख में काम आए, वहीं आपका सच्चा दोस्त होता है, और इन सभी मामलों में रंजीत बहुत आगे हैं।

हमलोगों की दोस्ती की शुरूआत बचपन से है, वह बहुत मेहनती है, वह पढ़ने में बहुत तेज एंव व्यवहार से काफी शालीन एंव सभ्य है। वह काफी मेहनती और मिलनसार स्वभाव का है, वह सभी प्रकार के कार्य में बहुत मदद करता है, मेरा मानना है कि उसकी और मेरी दोस्ती बहुत खास है।

विद्या ददाति विनयम

Name : **ESHA KUMARI**

Roll No. : **37**

Session : **2023-25**

* कोशिश कर *

कोशिश कर, हल निकलेगा,

आज नहीं तो, कल निकलेगा।

अर्जुन सा लक्ष्य रख, निशाना लगा,

मरूस्थल से भी फिर, जल निकलेगा।

मेहनत कर, पौधों को पानी दे,

बंजर में भी फिर, फल निकलेगा।

ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे,

फौलाद का भी, बल निकलेगा।

सीने में उम्मीदों को जिंदा रख,

समन्दर से भी, गंगाजल निकलेगा।

कोशिश कर, हल निकलेगा,

आज नहीं तो, कल निकलेगा।

Name : MINAKSHI KUMARI

Roll No. : 13

Session : 2023-25

* मेरा बचपन *

मेरे बचपन के दिन बहुत ही अच्छे और सुहावने थे। बचपन में जब मुझे कोई डाँटता था तो मैं अपनी माँ के पास जाकर छुप जाती थी। लेकिन आज जब कोई मुझे डाँटता है तो मुझे मेरी माँ की बहुत याद आती है। बचपन में माँ की लोरियाँ सुनकर नींद आ जाती थी, लेकिन अब वह सुकून भरी नींद नसीब नहीं होती। बचपन के वे सुनहरे दिन जब हम खेलते रहते थे तो पता ही नहीं चलता था कि कब दिन होता और कब रात हो जाती थी। बचपन में किसी के भी बगीचे से फल तोड़ लेते थे जिससे वे लोग हमारे घर शिकायत लेकर आते और हमें डाँट पड़ती, वह दिन किसको याद नहीं आते।

शायद इसलिए बचपन जीवन का सबसे अनमोल पल होता है। जहाँ हम बेफिक्र होकर अपने जीवन का एक–एक पल जीते है। जहाँ हमे इस बात की बिलकुल भी चिन्ता नहीं होती की लोग क्या कहेंगें।

बचपन जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है। बचपन में इतनी चंचलहा और मिठास भरी होती है कि हर कोई अपना बचपन फिर से जीना चाहता हैं।

बचपन का वो धीरे–धीरे चलना गिरना और फिर से दौड़ लगाना बहुत याद आता है। वो बचपन के मिट्टी के खिलौने किसकी यादों में नहीं बसा है। बातें बहुत सी है शब्द कम पड़ जाएगी बचपन तो बचपन ही होता है।

Name : **SUSHMITA PRAKASH**

Roll No. : **20**

Session : **2023-25**

* कामकाजी नारी और उसकी समस्याएँ अथवा नारी और नौकरी*

प्राचीन भारत के इतिहास पर दृष्टिपात करने से हमें ज्ञात होता है कि यहाँ महिलाओं को आदरपूर्ण स्थान दिया जाता है। हमारे पूर्वजों का कथन था–

''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः''

अर्थात् जहाँ स्त्रीयों की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते है। इससे स्पष्ट है कि भारतीय परिवारों में नारियों की महत्त्वपूर्ण स्थिति थी।

जिस घर में होता नहीं,
नारी का सम्मान।
देवी पूजन व्यर्थ है, व्यर्थ
है वहाँ सब दान।।

यह संसार परिवर्तनशील है। यहाँ प्रत्येक क्षण स्थिति बदलती रहती है। नारी–वर्ग की स्थिति में भी बदलाव आया है। स्वतंत्रता–प्राप्ति से पूर्व तक नारी जाति को शोषण का शिकार बनाया जाता रहा है। कुछ समाज सुधारकों ने इनकी इस दशा के विरूद्ध आवाज उठाई।

पायल ही बेड़ी बनी, कैसी है तकदीर।
नारी का किरदार बस, फ्रेम जड़ी तस्वीर।।

गत दो दशकों में नारी जागरण में काफी प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका अन्य कारण नारी शिक्षा में विकास भी है। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष करती आ रही।

सामाजिक समस्याओं के साथ–साथ उसे आर्थिक समस्याओं से भी जुझना पड़ रहा है। इस लिए नारी को स्वावलंबी बनने के लिए नौकरी का आश्रय लेना पड़ता है। इसके साथ ही नौकरी करते समय नारी बाहरी दुनिया के संपर्क में रहती है, जिससे आत्म–विश्वास भी बढ़ता है। नौकरी करने से जहाँ स्वयं में आत्मा–विश्वास बढ़ाती है, वहीं अपने परिवार का आर्थिक स्थिति भी सुधारती हैं। इसलिए वर्तमान समय में कामकाजी बहु का चुनाव किया जाता है।

नौकरी नारी के लिए एक बुरा पहलु भी है। नौकरी करने वाली माताएँ अपने बच्चों, घर को प्रायः नौकरों के भरोसे छोड़ देती हैं। उनके पास बच्चों के लिए समय नहीं बचता। इस भाग दौड़ में कन्या का सुकुमारा रूप और माता का सम्मानीय रूप कहीं खो जाता है।

कठिन परिस्थिति में सदा, लेती खुद को ढाल,
नारी इक बहती नदी, जीवन करे निहाल।

अब प्रश्न यह उठता है कि इन समस्याओं का समाधान क्या हो सकता है। यह बात तो सही है कि नौकरी आज के समय की मांग है किन्तु यह अपेक्षा रखना भी अनुचित है कि नारी पुरूष के समान ही धन कमाए और गृहणी का भी भार उठाये। नारी और पुरूष उस गाड़ी के दो पहिये जैसे है जो तभी बैलेंस होगें जब दोनों पहिए समान रूप से गाड़ी खींचनें में सहयोग दें। इसलिए पुरूष को भी नारी का साथ देना चाहिए। ताकि संतुलन बिगड़े ना और नारी अग्रसर भी हो और अपने दायित्वों के प्रति उत्तरदायी भी।

सृष्टि नहीं नारी बिना, यही जगत आधार।
नारी के हर रूप की महिमा बड़ी अपार।

Name : PUJA KUMARI

Roll No. : 03

Session : 2023-25

* मुफ्त शिक्षा *

शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है और व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि शिक्षा बेहतर भविष्य की कुंजी है और यह गरीबी को कम करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके वावजूद दुनिया भर में बहुत से लोग अक्सर आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित हैं।

शिक्षा को सभी के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराने का अह्वाहन करना चाहिए, इस तर्क के साथ कि शिक्षा एक बुनियादी मानव अधिकार होना चाहिए जो सभी के लिए सुलभ हो चाहे उनकी आर्थि स्थिति कुछ भी हो।

शिक्षा को मुफ्त बनाने का एक मुख्य कारण यह है कि इससे गरीबी को कम करने में मदद मिलेगी। जब लोग शिक्षित होते हैं तो उन्हें बेहतर भुगतान वाली नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती हैं।

जो बदले में उन्हें गरीबी से बाहर निकलने में मदद करती हैं। शिक्षा लोगों को अपने जीवन के बारे में सूचित निर्णय लेने में भी सशक्त बनाती हैं।

शिक्षा को मुफ्त बनाने का एक और कारण यह है कि इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। एक कुशल कार्यबल के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। एक सुशिक्षित जनसंख्या आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक हैं।

शिक्षा को मुफ्त करने से सामाजिक समरसता भी बढ़ेगी। सामाजिक एकता को उपकरण है क्योंकि यह लोगों के विभिन्न समूहों के बीच बाधाओं को तोड़नें में मदद करता है।

अंत में, शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है और व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक हैं। शिक्षा को मुफ्त बनाने में चुनौतियाँ हैं, यह एक समाज के दीर्घकालिक लाभ के लिए किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना सरकारों का कर्त्तव्य है कि प्रत्येक व्यक्ति की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच हो और यह कि शिक्षा की बाधाओं को दूर किया जाए।

Name : SUDESHNA KAR

Roll No. : 39

Sem : 2023-25

* National Education Policy 2020 *

National Education Policy, 2020 (NEP) envisions a massive transformation in education through "an education system rooted in Indian ethos that contributes directly to transforming India, that is Bharat, sustainably into an equitable and vibrant knowledge society, by providing high quality education to all, there by making India a global knowledge superpower". The NEP 2020 is founded on the five guiding pillars of Access, Equity, Quality, Affordability and Accountability. It will prepare our youth to meet the diverse national and global challenges of the present and the future.

In school education, the national education policy 2020 stresses on the core value and principals that education must develop not only the cognition skills, that is – the both foundation skills, of literacy and numeracy, a light but tight regularly frame work to ensure integrity and resource efficiency of the system promotion of Indian culture and traditional and a focus on multigralism and respect for the diversity of local contexts.

Main challenges.

- A lack of quality early childhood education and care, in particular with reference to children from socio-economically disadvantaged backgrounds.
- A learning crisis concerning foundation skills attainment, with a large proportional of students in elementary school not having attained foundational literacy and numeracy.
- School drop-outs: there are some serious issues in retaining children in the school system A significant proportion of enrolled students drop out after grade 5 and especially after grade 8.
- With regards to higher education, challenges include a severally fragmented higher educational ecosystem, less emphasis on the development of cognition skills and learning outcomes, a rigid separation of disciplines, with early specialization and streaming of students into narrow areas of study.

Particular Feature of the Policy

An interesting feature of the policy is the role of digital and online education. In view of the Covid-19 pandemic and possible future crises, the policy underscores the need to ensure alternatives modes of quality education whenever and wherever traditional and in person modes of education are not possible.

Name : GEETA KUMARI

Roll No. : 58

Session : 2023-25

* मेरी माँ *

इस दुनिया में सबसे आसान और अनमोल शब्द– माँ। माँ दुनिया का एकमात्र ऐसा शब्द है, जिसे किसी परिभाषा की जरूरत नहीं, क्योंकि यह शब्द नहीं एहसास हैं। माँ प्रेम, त्याग और सेवा की मूर्ती है। सचमुच, माँ ईश्वर का प्रतिरूप हैं। मेरी माँ मेरा गुरूर है। मेरी माँ का नाम सरून है। मेरी माँ बहुत समझदार, मेहनती और दयालु हैं। वह हर सुबह सबसे पहले उठ जाती है। वह हमारे परिवार का अच्छी तरह से ख्याल रखती है। वह हमारे बगीचे के पेड़–पौधों पर भी ध्यान देता है। मेरी माँ हमेशा काम में व्यस्त रहती हैं।

मेरी माँ मेरी गुरू, मार्गदर्शक और मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। वह मुझे पढ़ाई के साथ–साथ नेकी और सदाचार के मार्ग पर चलने की सीख देती है। मेरी माँ मेरे मन की हर बात जान लेती है। वह मुझे मुझे सुख–दुख में साथ देती है। जब कभी मैं किसी समस्या में होती हूँ, तब वह मुझमें विश्वास पैदा करती हैं। मेरे बुरे समय में वह मुझमें उम्मीद की रोशनी जगाती है। वह हमेशा मुझे अच्छा इन्सान बनने के लिए प्रेरित करती है। मेरी माँ गरीब–असहाय लोगों की मदद करती है। आज मैं जो कुछ भी हूँ, अपने माँ के बदौलत हूँ। मेरी माँ प्यार की देवी है। इस दुनिया में माँ से बढ़कर और कोई रिशता नहीं हैं। मैं भगवान को धन्यवाद देना चाहती हूँ कि उन्होनें मुझे दुनिया की सबसे अच्छी माँ दी है। माँ वो होती है, जो हमें इस संसार में लाती है।

वह माँ ही है जिसके रहते जिंदगी में कोई गम नहीं होता,
दुनिया साथ दे या ना दे पर माँ का प्यार कभी कम नहीं होता।।

Name : SUSHMITA KAR

Roll No. : 11

Sem : 2023-25

* ROLE OF THE TEACHER IN EDUCATION *

Teachers play an essential role in education, mast especially in the lives of the students they teach in the classroom. What defines a teacher is his/her ability to teach students and a positive influence on them.

Generally, the role of a teacher in education goes beyond teaching. In today's world, teaching has different faces, and a teacher has to carry out the part of being an external parent, counsellor, mentor role model and soon.

SHARING KNOWLEDGE- The primary doty of a teacher is to impact knowledge and that comes from teaching. Teaching usually entails following a specific curriculum and ensuring that the students understand what is being bought. It is from this role that all other roles of a teacher originate from, because if a teacher fails in carrying out her basic responsibility to impart knowledge, then it might be difficult to have any other form of influence on the child.

ROLE MODELING- Although teachers do not see themselves as role models, the truth is they actually are. The amount of time students spends with teachers each day of week makes it possible for them to have a certain level of influence on the students. If is now down to the teacher to make this influence positive or negative.

AN EXTERNAL PARENT- The role of a teacher transcends following a specific lesson plan and work schedule, because both students and teachers spend as much time together, the teacher in advertently becomes an extevha parent teachers can be a mentor to help set the child on the vignt path. In this role the teacher can encourage the students to be the best they can be and also be a source of inspiration and advice to the students.

Teachers are important because they change lives, inspire dreams and push the limits of woman potential. A teach hev's job is to nurture, teach, and raise children to become useful to society. Teachers' role in the classroom, society and the world at large has taken a different turn from what it was back in the day. Today teacher's role has gone beyong teaching. Their role now involves counselling students, mentoring students, and teaching them how to use and apply knowledge in their lives. Teachers are now looking for way to impact students on a different level and even inspire them to be more and do more.

Name : LAXMI KUMARI

Roll No. : 28

Session : 2023-25

* मेरी माँ *

मैं कभी, बतलाता नहीं, पर अंधेरे से डरता हूँ मैं माँ.....
यूँ तो मैं, दिखलाता नहीं, तेरी परवाह करता हूँ मैं माँ.....
तुझे सब है पता, है न माँ.....
तुझे सब है पता.... मेरी माँ.....
भीड़ में, यूँ ना छोड़ो मुझे
घर लौट के भी आ ना पाऊँ माँ.....
भेज ना इतना दूर मुझको तु
याद भी तुझको आ ना पाऊँ माँ.....
क्या इतना बुरा हूँ मैं माँ....
क्या इतना बुरा.... मेरी माँ.....
जब भी कभी पापा मुझे,
जो जोर से झुला झुलाते है माँ....
मेरी नजर ढूँढे तुझे
सोंचु यही तू आ के थामेगी माँ.....
उनसे मैं, ये कहता नहीं
पर मैं सहमा जाता हूँ माँ.....
चेहरे पे, आने देता नहीं
दिल ही दिल मैं घबराता हूँ माँ.....
तुझे सब है पता है न माँ.....
तुझे सब है पता..... मेरी माँ.....
ओ... मैं कभी, बतलाता नहीं
पर अंधेरे से डरता हूँ मैं माँ....
यूँ तो मैं, दिखलाता नहीं
तेरी परवाह करता हूँ मैं माँ.....
तुझे सब है पता, है न माँ....
तुझे सब है पता..... मेरी माँ.....

Name : **SUSHANTA BAURI**

Roll No. : **047**

Session : **2023-25**

* जीवन Life *

जीवन विश्वास करो, एक स्वपन नहीं है अंधेरा इतना नहीं है जितना वीतरागी बतलाते हैं। सुबह की हल्की बारिश से एक खुशनुमा दिन का अनुमान लगाया जाता है। कभी–कभी निराशा के बादल दिखाई देते हैं, परन्तु ये थोड़े समय के लिए होते है। यदि वर्षा आने से गुलाब बिखार उठते हैं तो उनके गिरने की चिता फिर क्यों करना?

जल्दी से खुशी से,

जीवन की उजली घड़ियाँ बीत जानी है

कृतज्ञता से, उमंग से

आन्नद कीजिये उन सब का जो उड़ती जा रही है।

क्या होगा जब अकस्मात मौत सामने आ जाये और जो हमको है सबके प्यारे उन्हें छीन कर ले जायें। क्या होगा जब दु:ख की जीत दिखाई दे हाथों से उम्मीद का दामन छूट रहीं हो।

Name : SONALI ROY

Roll No. : 45

Session : 2023-25

* LIBRARY BOOK *

I got it from the library. It's mine for two whole weeks. It's tucked inside my bookbag but I keep sneaking peeks. At it to check that it's still there. I cannot up it my chair with mom. She'll let me open it. Only then will we come home my mother, book, and I.

Name : MONA NAG

Roll No. : 12

Session : 2023-25

* प्यारी माँ *

हमारे हर मर्ज की दवा होती है माँ कभी डॉटती है हमें, तो कभी गले लगा लेती है माँ।

अपने होठों की हँसी, हम पर लुटा देती है माँ।

हमारी खुशियों में शामिल होकर, अपने गम भुला देती है माँ।

जब भी कभी ठोकर लगे, तो हमें तुरंत याद आती है माँ।

दुनिया की तपिश में, हमें आँचल की शीतल छाया देती है माँ।

खुद चाहे कितनी थकी हो, हमें देखकर अपनी थकान भूल जाती है माँ।

प्यार भरे हाथों से, हमेशा हमारी थकान मिटाती है माँ।

बात जब भी हो लजीज खाने की तो हमें याद आती है माँ।

रिश्तों को खूबसूरती से निभाना सीखाती है माँ।

लब्जों में जिसे बयाँ नहीं किया जा सके ऐसी होती है माँ।

भगवान भी जिसकी ममता के आगे झुक जाते है।

वो है मेरी प्यारी माँ।

Name : RAKHI KUMARI

Roll No. : 42

Session : 2023-25

कविता

* जिंदगी *

जिदगीं जीना आसान नहीं होता,
हर बस्ते में स्कूल का सामान नहीं होता,
वैसे तो एक उम्र तक बच्चे होते है सभी,
पर एक उम्र के बाद कोई बच्चा नहीं होता।

बचपन में बड़े होने पर पता चलता,
बड़ा होना बचपन सा आसान नहीं होता,
उम्मीद, जिम्मेदारी, परिवार, और बहुत,
ये सब देखना आसान नहीं होता।

बचपन का रूठना–मनाना तो अच्छा था,
अब तो रूठना जैसे गुनाह है,
खुद ही रूठ कर मान जाओ,
एक उम्र के बाद कोई नहीं मनाता।

इन बिंदुओं का क्या मतलब हैं? अब समझे,
एक आए तो रूकना और ज्यादा तो चलना,
रूक जाए या चलते रहना, हा हा हा हा
कुछ भी आसान नहीं होता।

धन्यवाद

Name : RIFAT FATMA

Roll NO. : 27

Session : 2023-25

* नारी शक्ति *

मैं स्त्री हूँ, मैं नारी हूँ।
मैं ही पूरी कहानी हूँ।
मैं दुर्गा हूँ, मैं काली हूँ।
मैं ही झाँसी की रानी हूँ।।

मैं देती हूँ, मैं दाता हूँ,
मैं ही भाग्य विधाता हूँ।
मैं जानती हूँ, मैं माता हूँ,
मैं बलिदान कि गाथा हूँ।।

पुरूषों की इस दुनिया ने देखो,
मुझको यह पैगाम दिया,
नहीं ठीक मेरे चाल–चलन,
यह कह कर बदनाम किया।।

Name : NEELIMA CHANDRA

Roll No. : 06

Session : 2023-25

* शिक्षक एक समाज सुधारक *

शिक्षक समाज का सार है,
ज्ञान की बातें वह सुनाता है,
अज्ञान के अंधेरा को हराता है।

शिक्षा के साथ वह आता है,
समृद्धि के द्वार खोलता है, शिक्षा
का प्रकाश जगमगाता है, समाज को
नई दिशा दिखाता है।

शिक्षक समाज को सजाता है,
नेता की भूमिका निभाता है,
संस्कारों को स्थापित करता है।

समाज को जागृत करता है,
अंधविश्वासों से मुक्ति दिलाता है
नये सोच को फैलाता है, नव
जीवन की राह वह दिखाता है।

शिक्षक समाज का सार है,
ज्ञान की बातें वह सुनाता है,
अज्ञान के अंधेरा को हराता है।

Name : REENA KUMARI MAHATO

Roll No. : 23

Session : 2023-25

* कोयला खनिज *

सिर पर लगी कड़ी टोपी में
जलते प्रकाश के साथ
लम्बे जूते पहने हुए
टटोलते खुदी सीम की दीवार को
अन्दर तक धंसते जाते
करने को काम
कमाने को दाम

अभी वे सचेत करने को एक दुसरे को
बजाएँगे सीटी और
रख एक ओर कुदाली
सुस्ताने को लेगें गहरी साँस
फेफड़ों में भर जाएगी काली धूल
वही धूल जब खुद हो जाएगी बाहर
बन जाएगी सोना
लादी जाएगी लोको और डम्फरों में
दूर तक जाने के लिए

खनिज पीछे ही रहेगा
बोझ साझा करने के लिए एक–दूसरे का
जिससे ही बना है
प्रगाढ़ रिश्ता उनका
एक–दूसरे से
जो निकला है
हाड़ तोड़ मेहनत से
पसीने में गुंथा हुआ।

Name : PARMILA KUMARI

Roll No. : 41

Session : 2023-25

* प्यारा झारखण्ड *

सबसे प्यारा, सबसे न्यारा,
सबसे सुंदर राज्य हमारा।
जंगल झाड़ो से भरा पूरा है झारखण्ड,
न जाने क्यों फिर पिछड़ा है झारखण्ड।
खनिज–पदार्थो की ढेर है यहाँ,
फिर भी लोग जाते है प्रदेश वहाँ।
नदी नालों की न कोई कमी हैं,
न जाने फिर क्यों लोग पानी के लिए तरसते।
संथाल बहुल राज्य झारखण्ड,
कितना सुंदर, कितना प्यारा झारखण्ड है राज्य हमार।
हम सब झारखण्डवासी व संपदा पर निर्भर,
थोड़ी कष्ट, थोड़ी संघर्ष के साथ करते जीवन बसर।
स्वर्ग जैसा सुंदर है हमारा झारखण्ड,
माँ की गोद जैसा सुकून है झारखण्ड।
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
झारखण्ड है राज्य हमारा।

Name : **KHUSHBOO KUMARI**

Roll No. : **31**

Session : **2023-25**

* मेरे पापा *

पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है

पिता नन्हे से परिंदे का बड़ा आसमान है।। 2।।

पिता है तो घर में पल–पल राग है

पिता से माँ की चूड़ी बिंदी और सुहाग है,

पिता है तो बच्चे के सारे सपने है

पिता है तो बाजार के सारे खिलौने अपने है।।

Name : PUNAM KUMARI

Roll No. : 19

Session : 2023-25

* हिसाब *

बादलों के
पानी का हिसाब
समुन्द्र से कौन पूछेगा?
जिंदगी एक किताब
रोज खुलता है एक पन्ना
पन्नों का हिसाब
किस्मत से कौन पूछेगा?
जो लम्हें रह गए पन्नों से चिपके ही
उन्हे न जी पाने का हिसाब
जिंदगी से कौन पूछेगा?

* प्रकृति *

सुन्दर रूप इस धरा का,
आँचल जिसका नीला आकाश,
पर्वत जिसका ऊँचा मस्तक,
उस पर चाँद सूरज की बिंदियों का ताज,
नदियों–झरनो से छलकता यौवन,
सतरंगी पुष्प–लताओं ने किया,
श्रृंगार खेत–खलिहानों में लहलाती फसले,
बिखरती मंद–मंद मुस्कान।

Name : KUMARI MAYA MAHATO

Roll No. : 17

Session : 2023-25

* मेरी माँ *

माँ तो आखिर होती है माँ।।
अपने सपनों को त्यागकर,
रातों को जागकर,
हमारी ख्वाहिशें करती हैं पूरी
उनके बिना जिंदगी अधुरी,
ममता मयी आंचल है जिनकी
जैसे गौरी और जानकी
खुशियों की तो यह है मोती,
माँ कि आँखों में करूणा की ज्योति,
रिश्तों को ये संजो कर रखती,
सारे दर्द खुद ही सह लेती
अपनों पे जब संकट आती है
मौत से भी लड़ जाती है।
कभी दुर्गा कभी चंडी बन जाती है,
जब बात अपने बच्चों पर आती है।
रब की परछाई होती है माँ
माँ तो आखिर माँ होती है माँ।।

Name : **SANDHYA KUMARI MAHATO**

Roll No. : **25**

Session : **2023-25**

* किरणे *

सुरज की पहली किरण के साथ

खिलखिलाती धूप में पंक्षियों का चहकना।

पहली किरण का जमीन पर उतर कर उसे आलिंगन देना।

किरणों के एक मात्र स्पर्श से फुलों का हँस कर उछलना।

मुर्झायों को नया जोश और छोटों को हौसला देना।

खुद में नयी उम्मीद जगाना

कहीं आप और हम भूल ना जाए जीना।

बस यही सीख देने आती है वो

शाम को थक कर सुबह जल्दी उठ जाती है वो.....

Name : BABY KUMARI MAHATO

Roll No. : 08

Session : 2023-25

* नारी शिक्षा *

- भारत की उन्नति के लिए नारी को शिक्षित होना बहुत जरूरी है।
- शिक्षित महिलाएं ही देश समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।
- नारी – शिक्षा की उन्नति के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ बनाई जा रही है।
- महिला साक्षरता की कमी देश को कमजोर बनाती है।
- भारतीय समाज के सही आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नारी शिक्षा बेहद जरूरी है।
- अगर नारी – शिक्षा को नज़र अंदाज़ किया गया तो देश भविष्य के लिए यह किसी खतरे से कम नहीं होगा।
- नारी को पढ़ाना देश को आगे बढ़ाना है।

Name : NISHA MANDAL

Roll No. : 24

Session : 2023-25

* पेड़ पर कविता *

प्रकृति का वरदान है पेड़,
मानव पर उपकार है पेड़।
इन पेड़ो की छटा निराली,
इनसे ही सब ओर हरियाली।

धुप में छाया है पेड़,
भुखे का भोजन है पेड़।
सब कुछ तो यह दे देते है,
कभी न रखते अपनी खैर।

अगर काटोगे इनको तुम,
जीवन कहाँ से पाओगे।
इनसे ही तो साँसे मिलती,
साँसे कहाँ से लाओगे।

Name : **APSARA PRAWEEN**

Roll No. : **40**

Session : **2023-25**

* भक्ति *

ना सरकार मेरी है, ना रोब मेरा है।

ना बड़ा सा नाम मेरा है, मुझे तो एक छोटी सी बात का गौरव है

मैं हिन्दुस्तान की हूँ और हिन्दुस्तान हमारा है।

''ना पुछो जमाने से क्या हमारी कहानी है''

हमारी पहचान तो सिर्फ ये है कि हम सिर्फ हिन्दुस्तानी है।

''अपनी आज़ादी को हम हरगीज़ मिटा सकते नहीं, सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं।

Name : NIKETA SINGH

Roll No. : 46

Session : 2023-25

* जलवायु परिवर्त्तन (CLIMATE CHANGE) *

आने वाला कल दुनिया में, मुसीबतों का कल होगा
जीवन पर संकट के बादल, संघर्ष यहाँ पल–पल होगा
नहीं मिलगा पीने पानी, नहीं अन्न और फल होगा
पर्यावरण क्षरण के कारण, ताप से बहुत विकल होगा
चारों और अनल होगी, लपटों में विश्व सकल होगा
कहीं रेगिस्तान धरा पर, कहीं भरा जल होगा
नहीं रहेगें जीव धरा पर, भरा हलाहल होगा
बीता कल अतीत हो गया, वर्त्तमान भी बीत रहा
जल जंगल जमीन धरा पर, तेजी से सब सिकुड़ रहे
प्रदूषण बढ़ रहा धरा पर, मौसम के तेवर बदल रहे
कहीं हाड़ कंपाती सर्दी हैं, कहीं गर्मी बहुत सताती है
बेमौसम पानी पड़ रहा धरा पर, आँधी तट बंध दहाती है
जल जंगल जमीन का दोहन, पर्यावरण बिगाड़ रहे
जैव विविधता खत्म हो रही, कई जीवों का नामोनिशान मिटा
कल क्या होगा बिना सोचे समझें, जीवन का रहा अस्तित्व मिटा
अंधे होकर चलेगी दुनिया, महाप्रलय आ जाएगी
जलवायु परिवर्त्तन से, मानवता संकट में आ जाएगी
आने वाला कल दुनिया में, मुसीबतों का कल होगा
नहीं मिलेगा पीने पानी, नहीं अन्न और फल होगा।

Name : **SWEETY KUMARI**

Roll No. : **08**

Session : **2023-25**

* दान का महत्व *

हमारा भारत देश एक लोकतांत्रिक देश है। जहाँ आम जनता को ही सर्वोपरि माना जाता है। यह आम जनता ही मतदान के द्वारा देश का शासक तय करती है। लोकतंत्र में मतदान बहुत जरूरी है और जब तक मतदान करने का हक़ आम लोगों के पास है तभी तक देश में लोकतंत्र है। मतदान लोकतंत्र की प्राणवायु है, अतः सभी को इसके महत्व के बारे में जरूर पता होना चाहिए। लोकतंत्र में आम लोगों द्वारा किया गया मतदान ही तय करता है कि देश का प्रतिनिधि कैसा होगा, जब देश में सभी मतदान करते हैं तो निश्चित रूप से हमें एक अच्छी और ईमानदार सरकार मिलती है। लेकिन जब आम लोग मतदान के महत्व को ना समझकर मतदान में भाग नहीं लेते तो ऐसे प्रतिनिधि चुनकर आते है जो अयोग्य होते है। मतदान करना हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। अतः हमें एक सुयोग्य, कर्मठ, ईमानदार प्रत्याशी ही चुनना चाहिए।

Name : ANUSHREE CHOWDHURY

Roll No. : 43

Session : 2023-2025

* WHO IS HONEST? *

One day king Krishnadeva Raya and his courtiers were enjoying an interesting discussion going on at the court Bhuvana Vijayam. The topic was: “Who is hones, the rich or the poor?”

The royal priest, Rajguru said, “your majesty! When the poor man is forced by his adverse circumstances he becomes dishonest. But he is helpless because his poverty makes him do so!”

Then Tenali Raman stood up and contradicted the royal priest’s contention, and said,” Your Highness! I do not agree with what he says!”

And the courtiers began to discuss the issue in whispers. They had a variety of opinions. But still they were curious to know who was right Rajguru or, Tenali Raman.

Then the king said, “well, Tenali, can you prove that whatever the royal priest says is wrong?”

Tenali Raman replied, “Your thighness, I can prove, but I want some time!”

The king asked, “how much time you want?”

Tenali Raman said, "About a week – a little more little less depending upon the circumstances?"

Then Tenali Roman went closer to the king and whispered something, into the king’s ear, hearing which the king said, “All right! I'll make arrangement and if you could prove contentions to be true, I’ll award you also!”

Later on, in the presence of the king, Tenali Raman asked for Some gold coins from The Royal treasury after them he put them into two small bags. Then, he two different paths! One at the path trodden by the Nagar Seth (the most rich man of the capital city) to the river ting Bhadra to have his bath early in the morning every day. And the other on the path taken up by a poor man early in the morning in search of work. Now, let us see which of these two bags return intact.”

The King gave his consent.

Next day morning Tenali Raman threw a bag on the rich man's path. Them he hid himself behind a tree and kept watching the way.

As usual, at dawn the seth came out of his house, and left for the river to take his bath. But when he expired a small bag lying on the way, he hatted and became curious, "what sort of bag is this? I must open and see what it contains!"

And as he opened the bag, many gold came out making a clanking sound, and fell on the ground. He was bemildered. "Oh my God! These are gold coins! How! What an auspicious day is today for me. I must take away these gold coins before anyone sees me doing so!"

The seth quickly gathered the gold coins and instead of going to take bath, he returned his home hiding the gold coins in the fold of his kurta (shirt). He thanked the Goddess Lakshmi for showering her grace on him.

Next day Roman threw the bag on the poor man's way. When the poor man spotted the bag lying on his way, he immediately lifted them up in surprise and exclaimed, "who lost this bag here so early in the morning? Let me see what it contains?"

And when he did so his eyes were dilated on seeing the gold coins. "Oh! My God! So much of money? What should I do with it?"

While the poor man was returning same, the gold coins stirred a commotion in his conscience. "Oh God! What should I do with these? Should I use them for my benefit of return?" now the poor man was in fix. He was thinking, "lest these coins are his lifetime's saving? I must return them. But whom I should returned these to? I can't keep them either or else I'd committing a sin."

Then after a prolong deliberation the poor man decided to deposit them in the royal treasury. He did so and took the receipt of the deposit thus made. But these operations took his entire day and he couldn't earn a dine that day. Tenali Raman watched the whole episode of the poor man.

A few days passed, Tenali Raman waited for the return of other bag, but the bag was not returned. Then Tenali Raman informed the king, "you Highness! Only one bag has come back."

"Is it!" exclaimed the king and asked, "who returned the bag!"

"The poor man!" replied Tenali Raman.

"All right! Now send for seth, "ordered the king and added, "also send for that poor man."

When both the wanted persons reached the royal court, the king first asked the Seth, "what did you do with the money you got lying on your way to the river?"

"What money? Oh….. that money," the seth replied hesitatingly, "that I have invested in my business!"

"why didn't you try to return the money to its legitimate owner?" the king asked sternly.

"why should I have done that," the seth questioned, "I got the bag lying on my way, My Lord! Deeming it to be a token of the grace of Goddess Lakshmi I brought it home!"

But you'd return that money to state treasury as it was the royal property," the king announced.

"Have mercy on me, your Majesty!" pleaded the Seth," How can I return that money now? That is used up is my business! And I suffered heavy loss in my business!"

The king kept quite for sometime and then asked the poor man.

